This question paper contains 7 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक ....................

# 5350

## B.A. (Programme) / II/III A

## HINDI LANGUAGE (C) – Paper II

## हिन्दी भाषा (ग) – प्रश्न-पत्र II

**(प्रवेश-वर्ष 2004 / 2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए / NCWEB के विद्यार्थियों के लिए)**

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**टिप्पणी :** प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं । तथापि ये अंक, NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **8, 8**

(क) टूटे हुए तारे की तरह एक दिन हमने अचानक अपने बीच आकर उसे धम्म से गिरता हुआ पाया – ज्योतिर्मय,

प्रकाशपुंज, दीप्तिपूर्ण । और उसी तारे की तरह एक क्षण प्रकाश दिखला, हमें चकाचौंध में डाल, वह हमेशा के लिए चलता बना । जिस दिन वह आया, हमें आश्चर्य हुआ; जिस दिन वह गया, हम स्तम्भित रह गए ।

पूस की भोर थी । खलिहान में धान के बोझों का अम्बार लगा था । उनकी रखवाली के लिए जो कुटिया बनी थी, उसके आगे धूनी जल रही थी । खेत में, खलिहान पर, चारों ओर हल्का कुहासा छाया हुआ था, जिसे छेदकर आने में सूरज की बाल-किरणों को कष्ट हो रहा था । काफ़ी जाड़ा था; धीरे-धीरे ठंडी हवा सनक कर कलेजे को हिला जाती । सब लोग धूनी को घेरे हुए थे, जिसकी लपट खतम हो चुकी थी; हाँ, लाल अंगारे चमक रहे थे ।

(i) उक्त अनुच्छेद के पाठ और लेखक का नाम बताइए ।

(ii) लेखक 'टूटे हुए तारे' द्वारा किसकी ओर संकेत कर रहा है ?

(iii) ज्योतिर्मय, प्रकाशपुंज, दीप्तिपूर्ण – इन शब्दों का अर्थ बताइए ।

(iv) पूस की भोर के दृश्य का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए ।

(ख) यह सच है कि पिछले दो-एक बरसों में स्त्रियों पर बढ़ती हिंसा को लेकर शासन और न्यायपालिका दोनों के कान खड़े हुए हैं, पर अभी भी अख़बार, लोकसभा या न्यायपालिका में प्राय: हिंसा के दहेज-हत्या या बलात्कार जैसे सनसनीखेज़ और चरम रूपों पर ही चर्चा होती है । इससे कहीं अधिक व्यापक और भयावह है वह महीन किस्म की स्त्री-विरोधी हिंसा, जिसकी जड़ें हमारी परिवार-व्यवस्था की दैनिक जीवनधारा में पैठी हुई है और जिसके तहत बहू-पत्नी-बेटी पर मामूली से कारण पर भी हाथ उठाना एक तरह से समाज-स्वीकृत कर्म हो जाता है । यही वजह है कि मायके में माता-पिता या भाइयों द्वारा अपनी बेटी पर की जानेवाली या एक ब्याहता स्त्री पर पति या ससुरालियों द्वारा की जानेवाली हिंसा को जब तक लड़की मर न जाए, हम लोग प्राय: देखकर भी नहीं देखते ।

(i) उक्त अनुच्छेद के पाठ और लेखक का नाम बताइए ।

(ii) आज भी स्त्री के प्रति हिंसा के कौन से मामले चर्चा का विषय बनते हैं ?

(iii) महीन किस्म की स्त्री-विरोधी हिंसा से आप क्या समझते हैं ? आशय स्पष्ट कीजिए ।

(iv) स्त्री के प्रति की गई हिंसा को हम कब तक अनदेखा किए रहते हैं ?

(ग) विपत्ति में
तुम अकेले नहीं हो,
असंख्य सोते कुलबुलाते हैं
चट्टानों में
मिलकर एक धारा बनने को,
इसे पहचानो
राह निकलेगी निश्चय ।

(i) उपर्युक्त पंक्तियों के कवि और कविता का नाम बताइए ।

(ii) यहाँ पर 'तुम' किसके लिए कहा गया है ?

(iii) कवि किस बात को पहचानने पर बल दे रहा है ?

(iv) राह निकलने से कवि का क्या आशय है ?

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **9**

(i) बिसुनपुर में होने वाले झगड़े का क्या कारण था ?

(बलदेवसिंह)

(ii) पोलैंड की स्त्रियों के सम्बन्ध में लेखक की क्या धारणा थी ?

(वारसा की डायरी)

(iii) धर्म के नाम पर होने वाले झगड़ों के लिए कौन जिम्मेदार होता है और क्यों ? (धर्म की आड़)

(iv) लेखक की दृष्टि में देश के दर्शनीय स्थलों का विज्ञापन में किस प्रकार उपयोग किया जाता है ?

(विज्ञापन-युग)

(v) अपने स्कूल के हेडमास्टर का परिचय लेखक ने किस रूप में दिया है ?

(भाषा का प्रश्न : प्रेमपत्रों के संदर्भ में)

3. (क) ब्रजभाषा अथवा हरियाणवी का परिचय दीजिए । 4

(ख) मानक लिपि किसे कहते हैं ? 4

**अथवा**

शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :

तिथी, आधीन, आधाखिला, आर्शीवाद ।

(ग) राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी की स्थिति स्पष्ट कीजिए । 4

4. निम्नलिखित अपठित अनुच्छेद के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आज का युग वैज्ञानिक है, जिसमें हम अधिकाधिक कार्य विज्ञान की सहायता से ही करते हैं । अगर हम जीवन के किसी भी पहलू पर दृष्टि डालें तो शायद ही कोई क्षेत्र बचा होगा, जो विज्ञान की पकड़ से अछूता रह गया हो । घर से लेकर बाहर तक, प्रत्येक पल, हर स्थान पर वैज्ञानिक आविष्कारों, उसकी अनेक उपलब्धियों के दर्शन होते हैं । आखिर वह विज्ञान है क्या, जिसकी हम नित्य-प्रति चर्चा करते हैं ? क्या विज्ञान का एकदम से जन्म हुआ ? ऐसा नहीं है । विज्ञान का सम्बन्ध बुद्धि से है, जो कि तथ्यों पर आधारित है । कहा जाता है कि आवश्यकता आविष्कार की जननी है । उसका प्रतिफल विज्ञान है । जैसे-जैसे मानव की आवश्यकताएँ बढ़ती गईं, वैसे-वैसे मानव ने उन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बुद्धि के बल से आविष्कार करने शुरू कर दिए । आज वह कहीं भी आसानी से जा सकता है, घर बैठकर ही समस्त विश्व की जानकारी रख सकता है । वास्तव में विज्ञान मानव के लिए वरदान रूप में सिद्ध हुआ है ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । 1

(ii) इस गद्यांश का एक तिहाई शब्दों में सारांश लिखिए । 3

(iii) जीवन के प्रत्येक पहलू को विज्ञान ने प्रभावित किया है । – स्पष्ट कीजिए । 1

5. महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव पर रिपोर्ट लिखिए ।

**अथवा**

शुल्क-माफ़ी के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए । 5

6. (क) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं **चार** का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 4

निहाल होना, आँखें लाल होना, दाँत-काटी रोटी होना, काँटे की टक्कर, हाथ-पाँव फूल जाना, झंडा गाड़ना ।

(ख) किन्हीं **चार** वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : 4

(i) वह गया बहन के साथ बाज़ार ।

(ii) सारा गाँव भोर से सुख-निन्दिया ले रहा था ।

(iii) किशन गरम आग पर दूध उबाल रहा है ।

(iv) एक चाय का कप ले आओ ।

(v) कृपया, तत्काल पहुँचने की कृपा करें ।

(vi) उसका प्राण-पखेरू उड़ गया ।

7. (क) किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 8

(i) विश्व पुस्तक मेला ।

(ii) विद्यार्थी और राजनीति ।

(iii) फ़िल्में और समाज ।

(ख) यू-स्पेशल की संख्या कम हो जाने की जाँच के उपरान्त दिल्ली परिवहन निगम के अधिकारी को प्रतिवेदन दीजिए । 4

8. (क) द्विभाषी कोश किसे कहते हैं ? उसकी प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 4

(ख) निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 4

विनम्रता, साहित्यिक, समष्टि, अतिरेक, अतिथि, शालीन, सभ्यता, शक्ति ।